प्रभात खबर

www.prabhatkhabar.com | अखबार नहीं आंदोलन | epaper.prabhatkhabar.com

05

कोलकाता, शुक्रवार, 23 सितंबर, 2011

विपत्ति में भी उन्नति संभव : विनोद अग्रवाल

वक्तव्य रखते विनोद अग्रवाल. फोटो । प्रभात खबर

कोलकाता : प्रतिकूल प्रतिस्थितियां तथा विपत्ति के क्षणों को भी उन्नति के अवसर में बदला जा सकता है. विपरीत परिस्थितियों में भी मनचाही सफलता हासिल की जा सकती है. उद्योगपति धीरुभाई अंबानी, संगीतकार रवींद्र जैन, वैज्ञानिक थॉमस एडिशन और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नाम उन हस्तियों में शुमार हैं, जिन्होंने प्रतिकूलताओं के बीच सफलता के झंडे गाड़े. ये बातें शिक्षा, व्यापार व जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी लागू होती हैं. ये विचार हैं प्रेरक वक्ता विनोद अग्रवाल के. ये बातें उन्होंने इस्टर्न इंडिया कार्ड बोर्ड मैन्युफैक्चरर्स की वार्षिक सभा में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहीं. कार्यक्रम में भरत केडिया, मोहित बजाज, मिलन दे, राजेंद्र चोखानी, नारायण जैन, हेमंत सरावगी, विनय बसु मल्लिक, विप्लव दत्ता, रमेश सराफ व कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे.